**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3209 जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**पश्चिम बंगाल में सागरमाला परियोजना**

**† 3209. श्री राजू बिष्ट :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल को देश के अनेक पत्तनों से जोड़ने के लिए सागरमाला परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई और उक्त परियोजनाओं के पूरा होने की स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार पश्चिम बंगाल राज्य में पत्तन कनेक्टिविटी के लिए सागरमाला परियोजना के अंतर्गत और अधिक परियोजनाएं शुरू करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ख):** सागरमाला कार्यक्रम पत्तन- आधारित विकास, को बढ़ावा देने, पत्तनों के बीच संपर्कता को सुधारने तथा कुशल लॉजिस्टिक्स के माध्यम से औद्योगिकीकरण को बढ़ाने के लिए भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, भारत में पत्तनों के बीच संपर्कता सुधारने के लिए पश्चिम बंगाल सहित देशभर में कई अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं का विकास किया जा रहा है।

पत्तन संपर्कता को बढ़ाने के लिए पश्चिम बंगाल राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के तहत 9487 करोड़ रु. से अधिक की 17 परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं को केन्द्रीय मंत्रालयों/ आईडब्ल्यूएआई, भारतीय रेलवे, राज्य सरकार और महापत्तनों आदि द्वारा कार्यान्वित किया गया है। परियोजनाओं की विस्तृत स्थिति अनुबंध में दी गई है। **(अनुबंध-।)**

सागरमाला योजना के तहत पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय संपर्कता स्तंभ के अंतर्गत 404 करोड़ रु. की 6 परियोजनाओं का आंशिक रूप से वित्त पोषण कर रहा है। सभी 6 परियोजनाएं पूरी हो गई है। परियोजना के तहत स्वीकृत और जारी की गई  निधियों के साथ-साथ परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। **(अनुबंध-।।)**

**(ग) और (घ):** सागरमाला कार्यक्रम के तहत पत्तन सुविधाओं का विस्तार और सड़क एवं रेल नेटवर्कों का सुधार वस्तुत: एक चालु एवं गत्यात्मक प्रक्रिया है। परियोजनाएं और निवेश मुख्य रूप से राज्य सरकारों, महापत्तनों और औद्योगिक वृद्धि की आवश्यकताओं और मांगों से प्रेरित होते हैं, और इन्हें संवर्धित व्यापार, क्षेत्रीय विकास संबंधी आवश्यकताओं और आर्थिक लक्ष्यों के साथ निरंतर संरेखित किया जाता है।

अनुबंध-I

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | केओपीटी के रानीचक लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी सह फ्लाइओवर | 127.80 | पूर्ण |
| 2. | केओपीटी में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं को सुविधा देने के लिए सड़क संपर्कता में सुधार | 15.00 | पूर्ण |
| 3. | केओपीटी के ईजेसी यार्ड पर 10-12-14-16-18-19-20-21-22 और 23 ट्रैक का उन्नयन | 47.00 | पूर्ण |
| 4. | कोलकाता डॉक प्रणाली में मौजूदा रेल नेटवर्क का उन्नयन | 9.00 | पूर्ण |
| 5. | एचडीसी में दुर्गाचक टेकऑफ प्वाइंट से 'ए' केबिन तक दूसरी रेलवे लाइन | 117.00 | पूर्ण |
| 6. | केडीएस-केओपीटी के अंतर्गत 7 नेताजी सुभाष डॉक और उसके यार्ड में पूर्ण रेक लंबाई को समायोजित करने के लिए उन्नयन | 16.50 | पूर्ण |
| 7. | केओपीटी, चरण-2 में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं को सुविधा देने के लिए सड़क संपर्कता में सुधार, | 88.00 | पूर्ण |
| 8. | खड़गपुर-नारायणगढ़ तीसरी लाइन | 270.00 | पूर्ण |
| 9. | श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन, कोलकाता डॉक प्रणाली पर बेस्क्यूल ब्रिज का नवीनीकरण करना | 40.32 | विकासाधीन |
| 10. | हल्दिया मल्टी-मॉडल टर्मिनल और एनएच-116 (राष्ट्रीय जलमार्ग-1) को डबल लेन से चार लेन वाली सड़क तक जोड़ना | 924.00 | विकासाधीन |
| 11. | कोलाघाट से एनएच-41 (राष्ट्रीय जलमार्ग-86) दो लेन को चार लेन वाली सड़क तक जोड़ना | 110.00 | विकासाधीन |
| 12. | पंसकुरा-खड़गपुर तीसरी लाइन -44.7 किमी | 3,075.00 | पूर्ण |
| 13. | केडीएस में रेल पटरियों का निरीक्षण, मापन, मापदंडों में संशोधन करना और दोषपूर्ण घटकों के दोबारा करना | 14.04 | विकासाधीन |

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 14. | केडीएस के विभिन्न क्षेत्रों में लेवल क्रॉसिंग का निर्माण और उन्नयन | 4.47 | पूर्ण |
| 15. | एसएच से नया संरेखण- बालागढ़ से बालागढ़ द्वीप तक | 743 | विकासाधीन |
| 16. | पत्तन से एनएच-06 तक संपर्कता में सुधार के लिए नए संरेखण का प्रस्ताव। कोलकाता डॉक सिस्टम के एनएस डॉक क्षेत्र से सलाप, हावड़ा तक भूमिगत सुरंग/आरओबी, जो एनएच-06 को जोड़ेगी। | 1,040 | विकासाधीन |
| 17. | "कोलकाता डॉक सिस्टम से डायमंड हार्बर तक (2 लेन से 4 लेन) | 2,846 | विकासाधीन |

अनुबंध-II

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | परियोजना स्तंभ | कार्यान्वयन एजेंसी | परियोजना की स्थिति | परियोजना की लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | अब तक जारी की निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचडीसी में दुर्गाचक टेकऑफ प्वाइंट से 'ए' केबिन, दुर्गाचक तक दूसरी रेलवे लाइन | पत्तन संपर्कता | हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स | पूर्ण | 117.00 | 20.00 | 20.00 |
| 2 | केओपीटी में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं को सुविधा देने के लिए सड़क संपर्कता में सुधार, चरण-2 | पत्तन संपर्कता | कोलकाता पत्तन न्यास | पूर्ण | 88.00 | 20.00 | 18.00 |
| 3 | कोलकाता डॉक प्रणाली में मौजूदा रेल नेटवर्क का उन्नयन | पत्तन संपर्कता | कोलकाता पत्तन न्यास | पूर्ण | 9.00 | 4.00 | 4.00 |
| 4 | केओपीटी के ईजेसी यार्ड पर 10-12-14-16-18-19-20-21-22 और 23 ट्रैक का उन्नयन | पत्तन संपर्कता | कोलकाता पत्तन न्यास | पूर्ण | 47.00 | 14.00 | 14.00 |
| 5 | केओपीटी में व्यापार और पत्तन उपयोगकर्ताओं को सुविधा देने के लिए सड़क संपर्कता में सुधार, | पत्तन संपर्कता | कोलकाता पत्तन न्यास | पूर्ण | 15.00 | 7.50 | 6.76 |
| 6 | केओपीटी के रानीचक लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी सह फ्लाइओवर | पत्तन संपर्कता | हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स | पूर्ण | 127.80 | 50.00 | 50.00 |

*****